86

HD–03

June/December – Examination 2020

B.A. (Part II) Examination

Hindi Sahitya

हिन्दी गद्य भाग–II (नाटक एवं अन्य गद्य विधाएँ)

Paper : HD-03

*Time : **2** Hours*] [*Maximum Marks : **70***

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ' और 'ब' दो खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **7×2=14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार, एक वाक्य, एक शब्द या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) नाटक के प्रमुख तत्त्वों का नामोल्लेख कीजिए।

(ii) जयशंकर प्रसाद की कौनसी रचना गीतिनाट्य है ?

(iii) डॉ. रामकुमार वर्मा की किन्हीं **दो** एकांकियों के नाम बताइए।

(iv) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' निबंध किस प्रकार का निबंध है ?

(v) 'आत्मकथा' से क्या तात्पर्य है ?

(vi) भोलाराम का जीव कहाँ अटक गया था ?

(vii) 'कलम का सिपाही' में किस महान् लेखक का जीवन वृतांत है ?

खण्ड—ब 4×14=56

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का है।

2. नाटक एवं एकांकी के स्वरूप में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

3. 'महाभारत' की साँझ' एकांकी घटना प्रधान न होकर चिंतन प्रधान है। स्पष्ट कीजिए।

4. 'तुलसी के सामन्त विरोधी मूल्य' पाठ के आधार पर तुलसी की नारी के प्रति संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

5. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"साहब ने कुटिल मुस्कान के साथ कहा, मगर वजन चाहिए। आप समझे नहीं। जैसे आपकी यह सुन्दर वीणा है; इसका भी वजन भोलाराम की दरख्वास्त पर रखा जा सकता। मेरी लड़की गाना बजाना सीखती है। यह मैं उसे दे दूँगा। साधु-संतों की वीणा से तो अच्छे स्वर निकलते हैं।"

6. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"कर्म का आनन्द अनुभव करने वालों ही का नाम कर्मण्य है। धर्म और उदारता के उच्च कामों के विधान में ही एक ऐसा दिव्य आनन्द भरा रहता है कि कर्त्ता को वे कर्म ही के फलस्वरूप लगते हैं। अत्याचार का दमन और क्लेश का शमन करते हुए चित्त में जो उल्लास और तुष्टि होती है, वही लोकोपकारी कर्मवीर का सच्चा सुख है।"

7. 'मेरा बचपन' आत्मकथांश के सामाजिक उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

8. हिन्दी रिपोर्ताज के विकास में रांगेय राघव के योगदान को लिखिए।

9. 'आलोचना' के प्रकारों को संक्षेप में समझाइए।